# Instagram Reel प्रतियोगिता

**आयोजक :– एकता नवनिर्माण ट्रस्ट**

**E-mail ID : jaibheem.ektacompetition@gmail.com, Web site : www.ektatrust.org.in & WhatsApp No. : 7877664078**

<u>प्रतियोगिता नियमावली</u>

## 1. विषय (Theme)

यह प्रतियोगिता सामाजिक सोहार्द्र के उद्देश्य से प्रेरित है एवं व्यावसायिक प्रतियोगिता से पूर्णतया पृथक है। प्रतिभागियों की रील निम्नलिखित में से किसी एक विषय से संबंधित होनी चाहिएः–

- नारी–उत्थान के मसीहा – बाबा साहेब अम्बेडकर।
- जातिगत अन्याय के उन्मूलन के उपाय।
- समसामयिक दलित साहित्यकार।

## 2. पात्रता (Eligibility)

- प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिए खुली है।

## 3. रील का प्रारूप (Format)

- अवधिः 60 से 90 सेकंड।
- भाषाः केवल हिंदी।
- रील का कन्टेन्ट रचनात्मक होना चाहिए।
- केवल मौलिक एवं नूतन सामग्री (original & fresh content) ही स्वीकार की जाएगी।
- आपत्तिजनक, भेदभावपूर्ण, हिंसात्मक या किसी धर्म/जाति/लिंग/सामाजिक सोहार्द्र/राष्ट्रीय ऐकता के विरूद्ध नकारात्मक विषय वस्तु की अनुमति नहीं होगी।
- कॉपीराइटेड गाने/वीडियो/चित्र बिना सक्षम अनुमति के उपयोग किए जाने पर समस्त वैधानिक उतरदायित्व प्रतिभागी का ही होगा।
- किसी भी प्रकार की अश्लीलता, अभद्र भाषा या आपत्तिजनक सामग्री होने पर प्रतिभागी स्वयं उत्तरदायी होगा।

## 4. प्रस्तुतिकरण (Submission Rule)

- रील को प्रतिभागी द्वारा स्वयं के इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपलोड करना होगा और रील में आयोजकों द्वारा निर्धारित हैशटैग #JaiBheem# का उपयोग करना अनिवार्य होगा।
- रील 25 सितम्बर 2025 से 10 अक्टूबर 2025 (रात्रि 12 बजे तक) के मध्य बनाई हुई होनी चाहिए एवं प्रतिभागी को उक्त का 'टाइमस्टैम्प/प्रूफ' आयोजकों को प्रेषित करना होगा ताकि सुनिश्चित हो सके कि रील प्रतियोगिता अवधि में ही बनाई गई है।
- रील इन्स्टाग्राम पर अपलोड करने के पश्चात प्रतिभागी द्वारा इसका लिंक **एकता नवनिर्माण ट्रस्ट** के वाट्सएप नम्बर **7877664078** पर 10 अक्टूबर 2025 रात्रि 12 बजे से पूर्व प्रेषित करना होगा तथा प्रतिभागी का नाम, उम्र, पता, वाट्सएप नम्बर, आधार कार्ड की प्रति, ईमेल आई डी, Phonepe/Gpay/A/c No. with IFSC code and Name/Bank Name, Reel का 'टाइमस्टैम्प/प्रूफ' इत्यादि भी वाट्सएप करना होगा।

## 5. मूल्यांकन मानदंड (Judging Criteria)

रील का मूल्यांकन निम्न आधार पर किया जाएगाः

- विषय से संबद्धता
- सृजनात्मकता, मौलिकता एवं नवाचार
- संदेश की स्पष्टता और प्रभाव
- तकनीकी गुणवत्ता (वीडियो/ऑडियो/एडिटिंग)

**6. पुरस्कार एवं सम्मान (Awards)**

विजेताओं को पुरस्कार/सर्टिफिकेट।

- प्रथम – ₹5100/–,
- द्वितीय – ₹3100/–,
- तृतीय – ₹2100/–,
- चतुर्थ – ₹1100/–,
- पंचम – ₹501/–,
- सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र।

**7. आयोजन की समयावधि (Timeline)**

- प्रतियोगिता समयावधि :– 25 सितम्बर 2025 से 10 अक्टूबर 2025 (रात्रि 12 बजे तक)
- परिणाम घोषणाः **14 अक्टूबर 2025**
- विजेताओं को फोन/वाट्स एप नम्बर/ईमेल के माध्यम से सूचित किया जायेगा एवं **एकता नवनिर्माण ट्रस्ट** की वेबसाइट **www.ektatrust.org.in** पर भी परिणाम जारी किया जाएगा।
- पुरस्कार राशि प्रतिभागी के Phonepe/Gpay/A/c No./Cheque द्वारा क्रेडिट की जावेगी तथा प्रमाणपत्र प्रतिभागी/विजेता को वाट्स एप नम्बर/ईमेल पर प्रेषित किया जायेगा।

**8. अन्य महत्वपूर्ण नियम :–**

- आयोजक को प्रतियोगिता के नियमों में बदलाव करने या प्रतियोगिता को रद्द करने का पूरा अधिकार रहेगा।
- किसी भी प्रकार का विवाद केवल आयोजक के अधिकार क्षेत्र में निपटाया जाएगा।
- एक प्रतिभागी केवल एक प्रविष्टि से हिस्सा ले सकता है। निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
- किसी भी प्रकार की गलत जानकारी देने पर प्रतिभागिता तुरंत निरस्त की जा सकती है।
- तकनीकी समस्या (नेटवर्क, सर्वर, ऐप क्रैश) की स्थिति में आयोजक जिम्मेदार नहीं होगें।
- निर्धारित समय और स्थान/प्लेटफ़ॉर्म पर ही प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि जमा करेंगे। देरी से आई प्रविष्टियाँ स्वीकार नहीं की जाएंगी।